# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गरजेगा राफेल

## प्रधानमंत्री मोदी 16 को करेंगे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण : सुल्तानपुर में समारोह, वायुसेना का एयर-शो भी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 नवंबर को जब लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे, तब इसके रनवे पर भारतीय लड़ाकू विमान राफेल भी गरजेगा। रनवे पर वायुसेना के विमान अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करेंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सुल्तानपुर में कूरेभार के नजदीक 3.2 किमी लंबा रनवे बनाया गया है। प्रधानमंत्री मंगलवार को योगी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सौगात प्रदेश की जनता को देंगे। इस दौरान आयोजित समारोह में लड़ाकू विमान एक्सप्रेस-वे के रनवे पर उतरकर फिर उड़ान भरेंगे। इसी क्रम में वायुसेना की ओर से पहली बार राफेल को किसी एक्सप्रेस-वे पर उतारा जाएगा। इस आयोजन के जरिये सरकार प्रदेश में विकास के साथ भारत की बढ़ी सैन्य शक्ति का संदेश देने की कोशिश करेगी। यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह में वायुसेना के जांबाज पायलट अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। ब्यूरो

### पहली बार किसी एक्सप्रेस-वे पर उतरेगा राफेल

**2130** किमी/घंटा अधिकतम स्पीड

**3700** किमी तक मारक क्षमता



**एक बार में 9,500 किग्रा बम व गोला-बारुद ले जा सकता है।**

*बहुत ऊंचाई वाले एयरबेस से भी उड़ान भरने की क्षमता है। लेह जैसी जगहों और काफी ठंडे मौसम में भी तेजी से काम कर सकता है।*

### बीकेटी से उड़ान भरेगा किरण मार्क टू विमान

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाईपट्टी पर वायुसेना के पांच बड़े स्टेशनों से 25 से अधिक लड़ाकू व मालवाहक विमान लैंड करेंगे। बीकेटी से किरण मार्क टू विमान उड़ान भरकर उतरेगा।

हिंडन एयरबेस से सी-130 हरकुलिस व जगुआर, बरेली से सुखोई, ग्वालियर से मिराज, गोरखपुर से जगुआर और आगरा से एएन-32 विमान उड़ान भरकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लैंड करेगा।